डाक-तार विभाग के कर्मचारियों के लिए आवास

2184. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने डाक और तार विभाग के कर्मचारियों को क्वार्टर उपलब्ध नहीं कराए हैं;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली में डाक और तार तथा संचार विभाग के अधीन कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) श्रेणी-वार ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिन्हें सरकारी आवास प्राप्त हो गया है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी हां ।

(ख) डाक विभाग

31-3-1992 को कर्मचारियों की कुल संख्या 12,982 थी ।

दूरसंचार विभाग

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड दिल्ली को मिलाकर कर्मचारियों की कुल संख्या 32,316 है ।

(ग) डाक विभाग

कुल मिलाकर, 1310 कर्मचारियों को सरकारी निवास आबंटित किए गए हैं । श्रेणीवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ।

दूरसंचार विभाग

कुल मिलाकर, 2361 कर्मचारियों को सरकारी निवास आबंटित किए गए हैं। श्रेणी-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।

विवरण

(डाक कर्मचारियों को स्टाफ क्वार्टरों का आबंटन)

क्र० सं०	स्टाफ का श्रेणीवार वितरण		मकानों का श्रेणीवार वितरण	
	श्रेणी	आबंटितियों की संख्या	श्रेणी	आबंटित मकानों की संख्या
1.	वर्ग—क	16	टाइप–5	3
2.	वर्ग—ख	13	टाइप–4	22
3.	वर्ग—ग	986	टाइप–3	174
4.	वर्ग—घ	295	टाइप–2	766
			टाइप–1	345

दूरसंचार कर्मचारियों को स्टाफ क्वार्टरों का आबंटन

क्र० सं०	आवास की श्रेणी	कर्मचारियों की संख्या
1.	टाइप–1	599
2.	टाइप–2	1217
3	टाइप–3	309
4.	टाइप–4	154
5.	टाइप–5 तथा उससे ऊपर	82